हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 16 मार्च 2026
[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

04 फिल्म के समापन पर लव जिहाद विषय पर...

07 बांसी-बार अंतरराज्यीय मार्ग निर्माण से क्षेत्र का...


## खबर संक्षेप में

### भाजपा बड़ागांव मंडल की कार्यकारणी घोषित

**नलखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल बड़ागांव अध्यक्ष दरबार सिंह द्वारा जिलाध्यक्ष व प्रदेश नेतृत्व की सहमति से मंडल कार्यकारणी की घोषणा की गई है। घोषित कार्यकारणी में उपाध्यक्ष धनराजसिंह राजपूत झिकड़िया, श्याम सुंदर पाटीदार बड़ागांव, दीपक नागर गोंदलमऊ, दिनेश गुर्जर लटूरी उमठ, जयनारायण गुर्जर पानखेड़ी, विजय अग्रवाल बड़ागांव, महामंत्री हीरामणी बाई प्रेम पटेल बगावत, ईश्वरसिंह यादव बड़ागांव, मंत्री शांतिलाल यादव बड़ागांव, जीवन दरबार बड़ागांव, पूजा सतीश मालवीय बड़ागांव, सोहन माली बड़ागांव, कौशल्या लाड़सिंह राजपूत बड़ागांव, कमल पटेल गढ़िया, कोषाध्यक्ष विक्रम पटेल बाईगांव, सह कोषाध्यक्ष राहुल खाती धनोरा, देवीसिंह सौंधिया लाडोन, कार्यालय मंत्री गिरिराज गोस्वामी बड़ागांव, सह कार्यालय मंत्री गोविंद भिलाला सिया, मीडिया प्रभारी बनेसिंह गुर्जर बोरखेड़ी, सह मीडिया प्रभारी संजय पाटीदार कुशलपुरा, कालीबाई मानसिंह पिपलिया सेंत, सोशल मीडिया प्रभारी दुर्गेश नागर पिपलिया सेत, सह सोशल मीडिया प्रभारी बाबूलाल पाल आनंदीखेड़ी, आईटी सेल प्रभारी सागर बोड़ कचनारिया एवं मन की बात प्रभारी रामप्रसाद माली बड़ागांव नियुक्त किए गए।

### निशुल्क प्रवेश के लिए पहले दिन ही उमड़े अभिभावक

**सीहोर।** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में निशुल्क प्रवेश के लिए शुरू हुई ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के पहले ही दिन अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला। शुक्रवार को शाम 6:30 बजे तक 22 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके थे। राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने आरटीई पोर्टल का स्क्रीन शॉट साझा करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पहले ही दिन इतनी बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होना अभिभावकों में शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है। आवेदन की संख्या और बढ़ने की संभावना है। निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई है।

### आग से गेहूं की खड़ी फसल जली

**सीहोर।** जिले के ग्राम चांदबढ़ में एक खेत में अचानक आग लग गई, जिससे गेहूं की खड़ी फसल का बड़ा हिस्सा जलकर नष्ट हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर अपने स्तर पर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने के लिए ग्रामीणों ने खेतों में पानी का छिड़काव किया और ट्रैक्टर की मदद से आग फैलने से रोकने का प्रयास किया।

### होटल संचालकों ने अपने प्रतिष्ठानों के सामने अस्थाई भट्टियां तैयार कर ली

# गैस संकट: लोहे की कोठियों में छेद कर जलाईं भट्टियां, लकड़ी की आग पर चल रहे होटल-ढाबे

### कॅमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई बंद, रोज़ी-रोटी बचाने होटल संचालकों का देसी जुगाड़ लकड़ी-कोयले पर बन रहा चाय-नाश्ता और भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/भैरुंदा






नगर में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति ठप पड़ने से बाजार की रसोइयों में संकट गहरा गया है। होटल, ढाबे और चाय की दुकानों के सामने कारोबार बंद करने जैसी स्थिति बन गई थी, लेकिन रोज़ी-रोटी बचाने की मजबूरी ने संचालकों को देसी जुगाड़ का सहारा लेने पर मजबूर कर दिया। गैस चूल्हों की जगह अब लोहे की पुरानी कोठियों, कबाड़ के ड्रम और ईंट-मिट्टी से तैयार अस्थायी भट्टियां धधकती नजर आ रही हैं। इन्हीं भट्टियों में लकड़ी और कोयले की आग पर चाय, पोहा, कचौरी से लेकर सब्जियां और भोजन पकाया जा रहा है।

नगर के बस स्टैंड, सीहोर नाका, जेपी मार्केट और आसपास के कई इलाकों में होटल संचालकों ने अपने प्रतिष्ठानों के सामने अस्थायी भट्टियां तैयार कर ली हैं। कहीं लोहे के पुराने ड्रम काटकर उनमें छेद किए गए हैं तो कहीं कबाड़ में पड़ी कोठियों को भट्टी का रूप दे दिया गया है। इन भट्टियों में नीचे की ओर छेद कर हवा के लिए रास्ता बनाया जाता है, जिससे लकड़ी तेजी से जलती है और ऊपर रखे बड़े बर्तनों में चाय और भोजन तैयार किया जाता है। सुबह से देर रात तक इन भट्टियों की आग जलती रहती है और उसी पर ग्राहकों के लिए नाश्ता और खाना तैयार किया जा रहा है। दरअसल प्रशासनिक सख्ती के बाद कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति अचानक रुकने से होटल व्यवसायियों के सामने सबसे बड़ा सवाल यही था कि रसोई कैसे चलेगी। गैस के बिना होटल और ढाबों का संचालन लगभग असंभव हो जाता है। ऐसे में कई संचालकों ने प्रतिष्ठान बंद करने की बजाय पुराने पारंपरिक तरीके अपनाने का फैसला किया। मजबूरी में तैयार की गई इन देसी भट्टियों ने फिलहाल बाजार की रसोइयों को किसी तरह जिंदा रखा हुआ है।

#### गैस नहीं तो बढ़ा खर्च और मेहनत

होटल संचालकों का कहना है कि गैस की तुलना में लकड़ी और कोयले पर खाना बनाना ज्यादा महंगा और मेहनत वाला साबित हो रहा है। रोजाना लकड़ी की व्यवस्था करना पड़ रही है, जिसके लिए आसपास के गांवों और बाजारों में तलाश करनी पड़ती है। कई संचालकों का कहना है कि गैस सिलेंडर नहीं मिलने से लागत बढ़ गई है और काम भी दोगुना हो गया है। इसके बावजूद होटल बंद करना उनके लिए संभव नहीं है, क्योंकि इससे कर्मचारियों और परिवारों की रोज़ी-रोटी पर सीधा असर पड़ेगा।

#### बिजली उपकरणों की मांग भी बढ़ी

गैस संकट का असर सिर्फ होटलों तक सीमित नहीं है। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू उपयोग के लिए भी गैस सिलेंडर की कमी महसूस की जा रही है। ऐसे में कई लोग पुराने तरीके अपनाते हुए मिट्टी के चूल्हे और लकड़ी की भट्टियां तैयार कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर बाजार में बिजली से चलने वाले इंडक्शन और हीटर जैसे उपकरणों की मांग अचानक बढ़ गई है। दुकानदारों के मुताबिक पिछले कुछ दिनों में इन उपकरणों की बिक्री में तेजी आई है।

#### संकट ने लौटाए पुराने दिन

कमर्शियल गैस की किल्लत ने होटल व्यवसाय को मानो वर्षों पीछे धकेल दिया है। एक समय था जब ढाबों और घरों में लकड़ी और कोयले के चूल्हों पर ही खाना पकता था, लेकिन गैस के दौर में यह तरीका लगभग खत्म हो गया था। अब अचानक पैदा हुए इस संकट ने बाजारों में पुराने दौर की तस्वीर फिर से जिंदा कर दी है। नगर के कई हिस्सों में इन दिनों भट्टियों की आग, लकड़ी के धुएं और चाय-नाश्ते की खुशबू एक साथ उठती दिखाई दे रही है। होटल संचालक उम्मीद जता रहे हैं कि कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति जल्द सामान्य होगी, ताकि वे फिर से गैस चूल्हों पर लौट सकें और यह मजबूरी में अपनाया गया जुगाड़ खत्म हो सके।

#### कबाड़ से तैयार हो रही भट्टियां



नगर में कई होटल संचालकों ने कबाड़ में पड़ी लोहे की कोठियों, पुराने ड्रम और टीन के डिब्बों को काटकर भट्टियां बना ली हैं। कुछ जगह ईंट और मिट्टी से देसी चूल्हे तैयार किए गए हैं। इन भट्टियों के निचले हिस्से में लकड़ी और कोयला जलाया जाता है और ऊपर बड़े बर्तन रखकर चाय-नाश्ता और भोजन बनाया जाता है। दिनभर इन भट्टियों से उठता धुआं और लकड़ी की जलती आग बाजारों में अलग ही नजारा पेश कर रही है।

### खंडेलवाल महिला मंडल का आयोजन

# गणगौर की फुलपाती का निकाला चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शनिवार को खंडेलवाल महिला मंडल द्वारा स्थानीय गणेश चौराहा स्थित बड़ा गणेश मंदिर पर गणगौर की पूजा के बाद फुलपाती चल समारोह निकाला गया। चल समारोह गणेश चौराहा, शिवाजी चौराहा, मां बगलामुखी मंदिर मार्ग होता रेन बसेरा परिसर पहुंचा जहां चल समारोह का समापन हुआ। चल समारोह में बालिकाएं दूल्हा दुल्हन के रूप में शामिल थीं वहीं महिलाएं बैंड की धुन व ढोलक की थाप पर नृत्य करती चल रही थीं।

### पुरस्कार पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिले

# स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

नगर के न्यू सहारा पब्लिक हाई स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां शारदे की पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलन कर प्राचार्य विजय कुमार पाठक द्वारा किया गया।

सरस्वती वंदना विद्यालय की छात्रा मंजू शर्मा एवं सानिया बी द्वारा प्रस्तुत की गई। तत्पश्यात बहन दिव्या एवं प्रेरणा द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। खेलकूद एवं वार्षिक उत्सव प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले प्रतियोगियों को विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार पाठक एवं वरिष्ठ शिक्षक मोहनलाल मालवीय, महेश शर्मा एवं वरिष्ठ शिक्षिका रचना शर्मा, मालती शर्मा, पूजा तिवारी, आशा कुंभकार द्वारा शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। साथ ही मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा की गई क्विज प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले बच्चों का भी सम्मान प्राचार्य द्वारा किया गया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में भाग लेकर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ उपस्थिति दर्ज करवाने वाले शिक्षक अरुण राठौर एवं शिक्षिका रानी तिवारी को भी सीनरी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।





विद्यालय में वर्ष भर सेवा देने वाले कर्मचारी, वाहन चालक एवं समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं को भी विद्यालय प्राचार्य विजय कुमार पाठक द्वारा कलम एवं प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के लेखापाल सचिन शर्मा, अरुण राठौर, अंकित सगोंई, रितिका यादव, भूमिका माली, आराधना शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### जिले में नेशनल लोक अदालत की 9 खंडपीठों के माध्यम से 583 प्रकरणों का निराकरण

# पारिवारिक विवादों का निराकरण कर टूटे परिवारों को पुनः मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर मालवा के तत्वावधान में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय आगर-मालवा सहित तहसील मुख्यालय सुसनेर एवं नलखेड़ा न्यायालय परिसरों में वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, धारा 138 के चेक बाउंस प्रकरण, बकाया धन वसूली, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, विद्युत अधिनियम के प्रकरण, पारिवारिक विवाद, भू-अर्जन तथा व्यवहार न्यायालयों में लंबित दीवानी प्रकृति के प्रकरणों का आपसी समझौते के आधार पर निराकरण किया गया। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में बैंक एवं फाइनेंस कंपनियों की ऋण वसूली, नगरपालिका के संपत्ति कर एवं जलकर, बीएसएनएल विभाग तथा विद्युत विभाग के बकाया प्रकरणों का भी निराकरण किया गया।







नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष डीएस चौहान द्वारा जिला न्यायालय परिसर आगर-मालवा स्थित मध्यस्थ कक्ष में दीप प्रज्ज्वलित कर तथा महात्मा गांधी एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सुरेंद्र मारू, न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, अभियोजन अधिकारी, न्यायिक कर्मचारी, बैंक, विद्युत विभाग, नगरपालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं पैरालीगल वालेंटियर्स उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में प्रधान जिला न्यायाधीश डी.एस. चौहान ने कहा कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का त्वरित, सस्ता एवं सुलभ निराकरण संभव होता है, जिससे दोनों पक्ष संतुष्ट होते हैं। सचिव श्रीमती अश्विनी सिंह ने पक्षकारों से लोक अदालत में दी जा रही छूट का लाभ लेने तथा सुलह-समझौते के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण कराने का आग्रह किया। इससे पूर्व संजीव सचदेवा, मुख्य न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रदेशभर में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। नेशनल लोक अदालत में 9 खंडपीठों के समक्ष न्यायालय में लंबित 321 प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 213 प्रकरणों का निराकरण कर 471 व्यक्ति लाभान्वित हुए। इनमें मोटरयान दुर्घटना के 8 प्रकरणों में 64 लाख 55 हजार रुपये का अवार्ड पारित किया गया तथा चेक अनादरण के 25 प्रकरणों में लगभग 51 लाख 24 हजार रुपये की राशि पर समझौता हुआ।

वहीं 49 पारिवारिक विवादों का निराकरण कर टूटे परिवारों को पुनः मिलाया गया, जहां पति-पत्नी ने एक-दूसरे को माला पहनाकर साथ रहने का निर्णय लिया। इसके अतिरिक्त प्रीलिटिगेशन के 370 प्रकरण लोक अदालत में रखे गए, जिनमें सभी 370 प्रकरणों का निराकरण कर लगभग 1 करोड़ 9 लाख 44 हजार 350 रुपए की वसूली की गई तथा 370 व्यक्ति लाभान्वित हुए।

### जैन पत्रकार परिषद का आयोजन

# महासम्मेलन की पत्रिका मां बगलामुखी को चढ़ाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

आगामी 29 मार्च को उज्जैन में जैन पत्रकार परिषद का महासम्मेलन आयोजित हो रहा है। परिषद के प्रदेश संयोजक दीपक दुग्गड जैन इंदौर, प्रदेश मीडिया सचिव प्रवीण जैन दसई, चिराग समन्दडीया जावरा, मोहित फ़ाफ़रिया नलखेड़ा ऋषि सकलेचा नलखेड़ा द्वारा आयोजन की पत्रिका नगर में स्थित सर्व सिद्ध मां बगलामुखी को चढ़ाते हुए होने वाले आयोजन को निर्विघ्न सम्पन्न होने की कामना की गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में आयोजन के पोस्टर का विमोचन भी किया गया।



## खबर संक्षेप

### भगवान परशुराम शौर्य यात्रा को लेकर बैठक 17 को होगी आयोजित

**देवास।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ सर्व ब्राह्मण समाज की एक अति आवश्यक बैठक समाज अध्यक्ष दिनेश मिश्रा की अध्यक्षता में 17 मार्च मंगलवार को राजराजेश्वर भगवान परशुराम जी की शौर्य यात्रा को लेकर स्थानीय गुजराती गार्डन भोलेनाथ रोड देवास पर शाम 5:30 बजे रखी जाएगी। युवा संघ के जिला अध्यक्ष छोटू पांडे ने बताया कि भगवान परशुराम की शौर्य यात्रा की तैयारी महासंघ के समस्त पदाधिकारी युवा संघ महिला संघ उप वर्ग के समस्त अध्यक्ष गण एवं समस्त ब्रह्म बंधुओ की उपस्थिति में विचार विमर्श कर निर्णय लिया जाएगा। अतः समस्त ब्राह्मण बंधुओ से निवेदन है कि बैठक में सम्मिलित होकर अपने विचार एवं सुझाव प्रदान करें जिससे शौर्य यात्रा में भव्यता प्रदान की जा सके साथ ही कोषाध्यक्ष सतीश दुबे द्वारा वार्षिक आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त जानकारी युवा संघ के नगर अध्यक्ष विमल शर्मा ने दी।


### बरोठा मंडल में प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**देवास।** रविवार को हाटपीपल्या विधानसभा के बरोठा मंडल में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत पृथक पृथक रूप से बरोठा मंडल, शिप्रा मंडल एवं राजोदा मंडल के मंडल प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिवस पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया गया तथा उपस्थितजनों को संबोधित किया। भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी विचारधारा पर आधारित संगठन है, जो सुशासन, अंत्योदय और सर्वांगीण विकास को राष्ट्र निर्माण का मूल आधार मानती है। हमारे कार्यकर्ताओं का समर्पण, सेवा और संगठन के प्रति निष्ठा ही पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति है, जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाने के संकल्प को साकार कर रही है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठन को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यप्रणाली और जनसेवा के मूल मंत्रों को समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और उसके समर्पण से ही पार्टी निरंतर आगे बढ़ रही है। वहीं हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करता है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के सिद्धांत को आत्मसात करते हुए हमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करना है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बहादुर मुकाती, नंदकिशोर पाटीदार, जिला महामंत्री मनीष सोलंकी, विजय सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष जगदीश चौधरी , रविंद्र सिंह, विश्वास उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने संसदीय क्षेत्र में खातेगांव के विकास कार्यों एवं केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा की

# संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन कर पात्र नागरिकों दिलाया जाए योजनाओं का लाभः मंत्री चौहान





केंद्रीय कृषि मंत्री ने योजनाओं की समीक्षा के साथ ही उनके जमीन पर प्रभावी क्रियान्वयन की प्राथमिकता पर दिया जोर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में खातेगांव में दिशा समिति की बैठक रविवार को आयोजित हुई। दिशा बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने संसदीय क्षेत्र विदिशा अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र खातेगांव के विकास कार्यों एवं केन्द्रीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में खातेगांव विधायक आशीष शर्मा, जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर ऋतुराज सिंह, एसपी पुनीत गेहलोद, सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, डीएफओ अमित सिंह, अपर कलेक्टर संजीव जैन सहित अन्य जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

#### स्वीकृत कार्यों की हुई समीक्षा

बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण(वीबी-जी रामजी), स्वच्छ भारत मिशन एसबीएम ग्रामीण 1.0 और 2.0, एनएचआई, जल जीवन मिशन, जल संसाधन, उर्जा, नगरीय प्रशासन, पशु पालन, लोक निमार्ण विभाग, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य, कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं और पूर्व में सासंद निधि से स्वीकृत कार्यो की समीक्षा की। चौहान ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं का लाभ पाने से वंचित न रहे। अधिकारी पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन और संचालन करें, ताकि आमजन तक उनका लाभ पहुंचाया जा सके। बैठक में जिलाधिकारियों द्वारा विभागीय प्रगति की विस्तार से जानकारी दी गई।

#### गरीब को मिलेगा पक्का आवास

चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि सरकार का उद्देश्य हर गरीब व्यक्ति को स्वयं का पक्का आवास उपलब्ध कराना है। इसके लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। आवास योजना के लाभ से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे इस बात का विशेष ध्यान रखे। जिन व्यक्तियों के नाम छूट गए हैं, उनका पुनः सत्यापन कर लिया जाए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि इस योजना का अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभ दिया जाए, ताकि वे अपने स्वरोजगार को बढ़ाकर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि इस योजना का क्रियान्यवन बहुत ही अच्छे ढंग से किया गया है। जिसके लिए मैं बधाई देता हूं। चौहान ने देवास जिले में नवाचार कर बनाई गई देवास बाल वाटिका की भी सराहना की। इस दौरान बताया गया कि जिले में पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधि एवं नागरिकों के सहयोग से बाल वाटिका का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें बच्चों एवं बुजुर्गों के लिए खेलने कूदने एवं टहलने के लिए सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

#### पर्याप्त मिले पेयजल

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने जल संसाधन एवं जल निगम की परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान कहा कि जिन योजनाओं का कार्य प्रगति पर है, उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए, ताकि नागरिकों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए यह भी कहा कि ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। पंचायतों में संचालित पेयजल योजनाओं में उत्पन्न गतिरोध को संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर दूर किया जाए और योजनाओं का सुचारू संचालन किया जाए। योजनाओं का जमीन पर प्रभावी क्रियान्वयन ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनप्रतिनिधि और अधिकारी समन्वय के साथ मिलकर काम करेंगे तो योजनाओं का क्रियान्वयन और संचालन प्रभावी एवं पारदर्शी ढंग से होगा।

बैठक में उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन क्षेत्रों में जो भी विकास कार्य प्रस्तावित हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि वन विभाग आजीवीका मूलक कार्यों पर विशेष ध्यान दें।

#### समूह से चिन्हित करें महिलाएं

बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रगति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि खातेगांव विधानसभा क्षेत्र में अब तक 2186 स्वयं सहायता समूह गठित किए गए हैं, जिनमें 27 हजार 638 परिवार जुड़े हुए हैं। बैंक लिंकेज के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्व सहायता समूहों को स्वरोजगार से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं। महिला सशक्तिकरण को और मजबूत बनाने के लिए समूह से महिलाएं चिन्हित कर उन्हें उद्यमी बनाया जाए। बैठक में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) की जानकारी भी प्रस्तुत की गई। इस दौरान बताया गया कि यह योजना मनरेगा की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण पर भी विशेष ध्यान देती है। इसके अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को रोजगार उपलब्ध कराने, जल संरक्षण, ग्रामीण अधोसंरचना और आजीविका से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। योजना में डिजिटल मॉनिटरिंग, बायोमेट्रिक और जीपीएस आधारित तकनीकों का उपयोग भी किया जा रहा है।

#### पुराने तालाबों का करे जीर्णोद्धार

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अब आने वाले समय में ग्राम पंचायत ही तय करेगी कि गांव में किन विकास कार्यों की सबसे ज्यादा जरूरत है। ग्राम पंचायतें और ग्राम सभाएं अपनी प्राथमिकताओं के आधार पर बजट का निर्धारण करेंगी। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि गांवों में सामाजिक आयोजनों और बैठकों के लिए भव्य सामुदायिक भवनों का निर्माण किया जा सकता है। जिससे ग्रामीणों को सामूहिक गतिविधियों के लिए बेहतर स्थान मिल सके। जल संकट से निपटने के लिए गांव पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार और नए तालाबों का निर्माण कर सकते हैं। इसके साथ ही ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्व-सहायता समूहों के लिए शेड का निर्माण किया जा सकता है और आजीविका से जुड़े कार्य भी किए जा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आपदा प्रबंधन से जुड़े कार्यों को भी अपनी वार्षिक कार्ययोजना में शामिल किया जा सकता है, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में प्रभावी ढंग से उसका सामना किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों के दौरान आम जनता को कम से कम असुविधा हो। गर्मी के मौसम में आने वाले जल संकट के समाधान पर भी उन्होंने विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पेयजल आपूर्ति की सभी योजनाएं सुचारू रहें और जहाँ पानी की किल्लत की आशंका है, वहां वैकल्पिक व्यवस्था अभी से सुनिश्चित की जाए। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जो अधिकारी और कर्मचारी ईमानदारी से और समय-सीमा में लक्ष्य पूरा करेंगे, उन्हें सम्मानित और प्रोत्साहित किया जाएगा। लेकिन कहीं लापरवाही हो रही है तो वहां कड़ा रूख भी अपनाया जाएगा। साथ ही उन्होंने दिशा समिति की बैठकों को नियमित रूप से आयोजित करने की बात भी कही ताकि क्षेत्र में विकास कार्यों की प्रगति की सतत निगरानी हो सके। उन्होंने कृषि क्षेत्र में दलहन फसलों के लिए क्लस्टर बनाकर कार्य करने के लिए निर्देश दिए एवं फसल विविधीकरण पर जोर दिया एवं किसानों की मृदा का परीक्षण करवाने पर भी जोर दिया गया।

#### भवन निर्माण का भूमिपूजन

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खातेगावं प्रवास के दौरान जनपद पंचायत खातेगांव के भवन निर्माण का भूमिपूजन भी किया। जनपद पंचायत खातेगांव के भवन निर्माण को 2025-26 में स्वीकृति मिली है। जनपद पंचायत खातेगांव का निर्माण कार्य 525.67 लाख रूपये की लागत से होगा।

# विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन का स्नेह सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन देवास का चतुर्थ स्नेह सम्मेलन स्वास्तिक मैरेज गार्डन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आर.सी.सोमानी थे। विशिष्ट अतिथि लक्ष्मणसिंह चौहान विधि सलाहकार, पी.एन.मकवाने मुख्य परामर्शदाता वि मं पेंशनर्स एसोसिएशन इंदौर थे। कार्यक्रम विशेष आमंत्रित पेंशनर्स एसोसिएशन इंदौर व देवास के पदाधिकारीगण मनोज राणा सचिव, के.के.तिवारी उपाध्यक्ष, सुमनसिंह संगठन सचिव, अमरसिंह पंवार सहसचिव, सी.के.दीक्षित, एस प्रियास्वामी, आर एस चौधरी, अर्जुनसिंह सिसोदिया धार, कैलाश परमार धार, अरविंद सोनी, अनिल तिवारी रतलाम, देवीसिंह चौहान खरगोन थे।



अतिथियों का स्वागत देवास अध्यक्ष हुकुमसिंह सायल, सचिव सी.एस.पंवार, एम.सी.मलतारे, एस.के.हिंगे, मधुकर भंवर, मुकुट वर्मा, मोहन मोदी, इब्राहिम, रमेश जोशी, बी के स्वामी, मनोहर फड़नीस, शंकर दलवी, एस.आर. जाट, प्रेम परमार खातेगांव, इंदरसिंह सिसोदिया बागली, गणपति शर्मा कांटाफोड़, निर्भयसिंह नागर बरोठा, चंदर सिंह कुशवाह, उदयसिंह ठाकुर सोनकच्छ, जमनालाल मालवीय भौंरासा ने पुष्पमाला एवं पीला दुपट्टा पहनाकर किया। अतिथियों का परिचय देवास अध्यक्ष हुकुमसिंह सायल ने दिया। मुख्य अतिथि सोमानी ने समस्याओं पर चर्चा की तथा एसोसिएशन का मार्गदर्शन किया। विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन इंदौर सचिव मनोज राणा, विधि सलाहकार लक्ष्मण सिंह चौहान, संगठन सचिव सुमनसिंह तथा देवास के अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में पेंशनरों की मांगों के संबंध में प्रकाश डाला व कहा कि सभी पेंशनर्स संगठन संगठित होकर अपनी विभिन्न मांगों के लिए आंदोलन की रूपरेखा बनाए। अन्य अतिथियों द्वारा भी उपस्थित पेंशनरों को सम्बोधित किया गया। वर्ष 2026 में 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पेंशनर साथियों का इंदौर एसोसिएशन द्वारा सम्मान किया गया। संचालन अनिल नाईक ने किया तथा आभार सी.एस.पंवार ने माना।

### विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का अयोजन हुआ

**देवास।** जिला आपूर्ति अधिकारी देवास ने बताया कि कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में ₹विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस₹ का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में विक्रमसिंह चौधरी द्वारा उपभोक्ता जागरूकता से संबंधित जानकारी दी गई। सहायक आपूर्ति अधिकारी बी.एस. राय द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के नवीन प्रावधानों एवं ई दाखिल के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में हीमाली सोनपाटनी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता के संबंध में उपभोक्ताओं को उपभोक्ता संरक्षण के अधिकारों से अवगत कराया गया। अनिता पाराशर द्वारा उपभोक्ताओं को उपभोक्ता आयोग में वाद दायर करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया तथा अजय दुबे द्वारा ऑनलाईन शॉपिंग में उपभोक्ताओं से कंपनियों द्वारा किस-किस तरीके से ठगी की जाती और उससे किस प्रकार बचा जा सकता है के, संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में दिनेश कुमार अहिरवार जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

### जागरुकता के लिए सैकड़ों महिलाओं ने सांसद सोलंकी के साथ देखी 'द केरल स्टोरी 2'

# फिल्म के समापन पर लव जिहाद विषय पर हुई चर्चा





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

समाज में जागरूकता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 32 में माताओं और बहनों के लिए फिल्म द केरला स्टोरी-2 की निःशुल्क स्क्रीनिंग का आयोजन देवास-शाजापुर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी के मार्गदर्शन में किया गया, जिसके अंतर्गत लगभग 300 से अधिक मातृशक्ति की सहभागिता देखने को मिली। यह कार्यक्रम पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण वर्मा और उनकी टीम मैं भी जटायु द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अभिनव सिनेप्लेक्स, उज्जैन रोड पर हुआ। सांसद सोलंकी ने कहा कि समाज की बहनों और बेटियों को ऐसी फिल्में देखनी चाहिए, ताकि वे जागरूक रहें और किसी भी षड्यंत्र से खुद को सुरक्षित रख सकें। सांसद सोलंकी ने बताया कि कई बार युवतियों को प्रेम के नाम पर बहला-फुसलाकर गलत रास्तों पर ले जाने का प्रयास किया जाता है। उनके अनुसार, फिल्म में ऐसे कई दृश्य हैं जो समाज के सामने एक सच्चाई को उजागर करते हैं। उन्होंने लोगों से इस विषय को गंभीरता से समझने और अपनी बेटियों को जागरूक बनाने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ नकारात्मक शक्तियां हिंदू महिलाओं को जिहाद में फंसाने का काम करती हैं। सांसद सोलंकी ने बताया कि इसी उद्देश्य से वे अपनी बहनों और बेटियों को भी यह फिल्म दिखाने के लिए लाए थे, ताकि वे ऐसे मामलों के प्रति सतर्क रह सकें। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में इस प्रकार के मामलों पर चर्चा होती रही है और समाज को जागरूक रहकर इनसे बचाव करना चाहिए। इस दौरान फिल्म के प्रारंभ और समापन के दौरान लव जिहाद जैसे संवेदनशील विषयों तथा समाज में बढ़ती चुनौतियों को लेकर मातृशक्ति के साथ विशेष चर्चा भी की गई। इस अवसर पर जिला महामंत्री पंकज वर्मा, पार्षद निधि वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश चौहान, शेखर कौशल, जयेश पडियार, शुभम वर्मा, शुभांगी जलोरे, महेश ठाकुर (गोलू) सहित बड़ी संख्या में मैं भी जटायु टीम के कार्यकर्ता मौजूद थे। पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण वर्मा ने सभी माताओं और बहनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि आगे भी इसी प्रकार के सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे समाज में सुरक्षा, शिक्षा और संस्कारों के प्रति जागरूकता बढ़े।

# बागली न्यायालय परिसर में वर्ष की प्रथम लोक अदालत हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास के मार्गदर्शन में 14 मार्च, 2026 को वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजित हुई। तहसील विधिक सेवा समिति बागली एवं जिला न्यायाधीश श्रीशैलम, ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के आयोजन के माध्यम से न्यायालयों में आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एमएसीटी प्रकरण (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा), वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत एवं जलकर संबंधी प्रकरण, राजस्व प्रकरण, दीवानी मामले तथा अन्य सभी प्रकार के राजीनामा योग्य, प्री-लिटिगेशन मुकदमा पूर्व प्रकरणों का निराकरण किया गया। साथ ही प्रातः 10:30 से ही अदालत में लोगों ने अपनी सहभागिता और कई ऐसे लंबित प्रकरणों से निजात भी पाई है।जिला मुख्यालय एवं तहसील विधिक सेवा समिति व बागली न्यायालय परिसर में आज सुबह 10:30, जिला न्यायाधीश श्रीशैलम, न्यायाधीश धारीवाल एवं बबीता प्रजापति तथा मीणा अग्निहोत्री अभिभाषक संघ के अध्यक्ष कमलेश शर्मा की उपस्थिति मे नेशनल लोक अदालत का शुभारम्भ बागली न्यायालय परिसर में किया गया। इस दौरान बैंक, बिजली, जलकर और नगर परिषद सहित अन्य विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। राजीनामा योग्य प्रकरण का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से किया गया, जैसे चेक बाउंस, बैंक रिकवरी, श्रम विभाग, बिजली पानी के बिल आदि मामलों का त्वरित समाधान किया गया। अदालत की फीस वापसी और अंतिम निर्णय के लक्ष्य के साथ लोक अदालत में मोटर दुर्घटना, क्षतिपूर्ण राजस्व और दीवानी मामलों की प्री -सीटिंग के माध्यम से व्यापक निराकरण किया गया। राष्ट्रीय नेशनल लोक अदालत में कई प्रकरण में पक्षकारों व उपभोक्ताओं को लाभ भी मिला।

## खबर संक्षेप

### सनोटी में सड़क निर्माण तेज, ग्रामीणों को राहत

**विदिशा।** विकासखंड सिरोंज के ग्राम सनोटी में क्षतिग्रस्त सड़क के पुनर्स्थापन का कार्य तेजी से जारी है। ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही परेशानी को देखते हुए प्रशासन द्वारा सड़क की मरम्मत और सुधार कार्य शुरू कराया गया है। कार्य के अंतर्गत मार्ग का समतलीकरण, गड्ढों की भराई और आवश्यक निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, ताकि सड़क मजबूत और सुरक्षित बन सके। ग्रामीणों का कहना है कि खराब सड़क के कारण विशेषकर बरसात में आवागमन में भारी दिक्कत होती थी। सड़क निर्माण पूरा होने के बाद सनोटी सहित आसपास के गांवों के लोगों को बेहतर और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

### श्रवण बाधितों के लिए प्रशिक्षण शुरू

**विदिशा।** न्याय तक समावेशी पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा श्रवण बाधित पेशेवरों और सांकेतिक भाषा इंटरप्रेटर्स के लिए भारत का पहला 40 घंटे का भौतिक मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम इंदौर में प्रारंभ किया गया है। 5 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इंदौर के सहयोग से तथा उच्चतम न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्‌घाटन मप्र उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति विजय कुमार शुक्ला ने किया।

### सड़क हादसे में एक युवक की मौत

**शमशाबाद।** विदिशा रोड स्थित पेट्रोल टैंक के पास शुक्रवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में 18 वर्षीय सानिध्य चौकसे की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सानिध्य चौकसे किसी काम से महानीम चौराहा से बाइक से शमशाबाद लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रोशनी के कारण उन्हें सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली दिखाई नहीं दी और उनकी बाइक उससे टकरा गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इकलौते बेटे की मौत से परिवार में मातम छा गया है। सफेद लाइट के कारण हादसा हुआ।

### लोक अदालत में 12 मामलों का निराकरण

**कुरवाई।** न्यायालय परिसर में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकरणों का आपसी सहमति के आधार पर त्वरित निराकरण किया गया। इस दौरान कुल 12 मामलों का समझौते के माध्यम से निपटारा किया गया, जिससे पक्षकारों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिली। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास निशा कुरील की अदालत में प्रस्तुत 10 आरसीटी प्रकरणों में से 8 का आपसी सहमति से निराकरण किया गया। इसके अतिरिक्त नीगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के तहत चेक बाउंस के 2 मामलों का भी आपसी समझौते से समाधान कराया गया। वहीं एक अन्य सिविल प्रकरण का भी राजीनामे के आधार पर निपटारा किया गया। लोक अदालत वैकल्पिक विवाद निपटान की एक प्रभावी व्यवस्था है, जहां पक्षकार आपसी सहमति से विवाद समाप्त कर सकते हैं। इससे न्यायालयों पर लंबित मामलों का बोझ कम होता है।

भूमिपूजन
ऐतिहासिक पहल से मजबूत होगी उत्तर प्रदेश-मध्यप्रदेश कनेक्टिविटी

# बांसी-बार अंतरराज्यीय मार्ग निर्माण से क्षेत्र का विकास होगा: कुशवाहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के सतत प्रयासों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्वीकृत 43.77 करोड़ की सड़क परियोजना का शुभारंभ, सांसद अनुराग शर्मा, राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाशनारायण निरंजन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। बांसी-बार मार्ग जनपद ललितपुर की विधानसभा सदर क्षेत्र में विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बांसी-बार अंतरराज्यीय संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का विधिवत भूमि पूजन समारोह सम्पन्न हुआ। यह महत्वपूर्ण सड़क परियोजना सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के निरंतर प्रयासों, जनहित में किए गए प्रभावी अनुश्रवण तथा प्रदेश नेतृत्व से सतत संवाद का परिणाम है, जिसे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के द्वार झांसी-ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद अनुराग शर्मा, श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाशनारायण निरंजन की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष ललितपुर हरिश्चंद्र रावत द्वारा की गई। कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों, पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा क्षेत्रीय नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि, बांसी-बार मार्ग एवं पुराने अवशेष भाग का 2 लेन में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाएगा, योजना इंटर स्टेट कनेक्टिविटी योजनाइसकी लंबाई 14.360 किलोमीटर, सड़क की चौड़ाई लगभग 7 मीटर (दो लेन), स्वीकृत लागत 43.7727 करोड़ रुपए है। यह मार्ग झांसी-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ते हुए मध्यप्रदेश सीमा तक सीधा संपर्क स्थापित करेगा, जिससे दोनों राज्यों के बीच आवागमन अधिक सुगम होगा। मार्ग के निर्माण से बांसी, बार, जखौरा क्षेत्र, टीकमगढ़ (म.प्र.) मार्ग आसपास के ग्रामीण क्षेत्र को सीधा लाभ मिलेगा तथा जिला मुख्यालय ललितपुर तक पहुंच आसान होगी।

### बांसी-बार संपर्क मार्ग क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग थी

यह सड़क क्षेत्र में व्यापार, कृषि परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, धार्मिक स्थलों तक पहुंच, प्रशासनिक संपर्क को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं। बांसी-बार संपर्क मार्ग क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग थी। मैंने विधानसभा में तथा मुख्यमंत्री से भेंट कर इस मार्ग की आवश्यकता को प्रमुखता से रखा, जिसके परिणामस्वरूप आज यह ऐतिहासिक भूमि पूजन संभव हुआ। यह मार्ग केवल सड़क नहीं बल्कि क्षेत्र के विकास, व्यापार, शिक्षा और रोजगार का मार्ग है। सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त भारत सुदृढ़ अवसंरचना के संकल्प के अनुरूप बुंदेलखंड में लगातार सड़क संपर्क मजबूत किया जा रहा है। यह मार्ग उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बनेगा और क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई दिशा देगा। राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित न रहे। यह सड़क बनने से ग्रामीण क्षेत्र सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ेंगे और लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाशनारायण निरंजन ने कहा कि, जनपद ललितपुर में जिस गति से विकास कार्य हो रहे हैं, वह प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह मार्ग क्षेत्र के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। सड़क, बिजली, पानी और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में जो कार्य हो रहे हैं, वे प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं। बांसी-बार मार्ग आने वाले समय में क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में उपस्थित सम्मानित जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्राम छिपाई प्रधान नीलमणि राजे बुंदेला, सुदामा दुबे, देवी सिंह कुशवाहा, सुरेश सिंह जूदेव, रमेश लोधी, हरिराम राजपूत, रामनारायण पाठक, विनोद दुबे, अजय सेंगर, सुभाष दुबे, बलराम राजपूत, सुनील विश्वकर्मा, प्रमोद साहू, धर्मलाल, दिनेश दुबे, काशी दुबे, कल्याण सिंह, अनुज यादव, अशोक रावत, हरपाल सिंह, मनीष अग्रवाल, हरि सिंह बुंदेला, लज्जाराम, रंजीत अहिरवार, ब्रजेश साहू सदस्य जिला पंचायत , हरि सिंह प्रधान, मान सिंह यादव सदस्य ब्लॉक तथा अन्य जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, ग्राम प्रधान, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

पृथक बुंदेलखंड के लिए सत्याग्रह

## उत्तर प्रदेश-एमपी को तोड़ दो बुंदेलखंड जोड़ दो: टीटू कपूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बुंदेलखंड विकास सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा कंपनी बाग के बाहर सी. एम. ओ. कार्यालय के सामने बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व पृथक बुंदेलखंड प्रान्त निर्माण हेतु सत्याग्रह करते हुए प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पृथक बुंदेलखंड प्रान्त निर्माण के पक्ष में जमकर नारेबाजी की गई। बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि बगैर बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण के क्षेत्र का विकास सम्भव नहीं है। उन्होंने कहा कि आगे बु. वि. सेना अपने आंदोलन को तेज करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में घूम-घूमकर प्रत्येक परिवार से एक सदस्य लेकर बु. वि. सेना का सदस्य बनायेगी। उन्होंने यह भी संकल्प लिया कि 2027 के उ. प्र. विधानसभा चुनाव तथा 2029 के लोकसभा चूनाव तक बुंदेलखंड प्रान्त का निर्माण नहीं हो जाता है तब तक बु. वि. सेना चैन से नहीं बैठ सकती है। बु.वि. सेना प्रमुख टीटू कपूर ने कहा कि बुन्देलखण्ड वर्षों से सूखा , भुखमरी , बेरोजगारी , उद्योगशून्यता , बिगड़ी हुई स्वास्थ्य सेवाएं, टूटी सड़के , पेयजल समस्या आदि का दंश झेल रहा है और अलग प्रान्त बने बुंदेलखंड का विकास सम्भव नहीं है। सत्याग्रह के दौरान बु. वि. सेना के वरिष्ठ सदस्य राजमल जैन बरया,महेन्द्र अग्निहोत्री, राजेन्द्र गुप्ता, कदीर खान,सुधेश नायक , राजकुमार कुशवाहा, अमर सिंह बुंदेला , मनोज शर्मा, विनोद साहू, रजनीश पुरोहित, मगन सोनी, परवेज पठान, खुशाल बरार, भैयन कुशवाहा, कमल विश्वकर्मा, गौरव विश्वकर्मा, रामस्वरूप राजपूत, ओमकार राजा, रामेश्वर कुशवाहा, खेमचंद्र कुशवाहा, संजू राजा,गफूर खां, प्रमोद धानुक, बलराम चौहान, पहाड़ सिंह, रामसहाय राठौर, सुरेश झा, राजीव साहू, सुरेश झा, परमानन्द विश्वकर्मा, काशीराम विश्वकर्मा, मुकेश कुमार, प्रदीप, पुष्पेन्द्र शर्मा, प्रकाश रैकवार, रूपसिंह, प्रदीप पंडित ,अजय कुमार, बलराम अहिरवार, फूलचंद रजक, पप्पू एनाउंसर, टिंकू सोनी, सुनील राजपूत, अभिषेक प्रजापति, अभिषेक राजपूत, पीयूष यादव, कृष्णा सिंह, भागीरथ कुशवाहा, अक्षय पटेल, नीलेश, सागर, राजाजी, संजय चौहान, प्रिंस, अमरेन्द्र राजपूत, सोनसिंह यादव, साहिद खान, रामपाल यादव, बलबान सिंह, हनुमत सिंह, सुखबीर सिंह,अक्षय राजा, विवेक पटेल,हनुमत कुशवाहा, जगदीश झा, गौरव सिंह, राजकुमार यादव, शुभम तिवारी, चित्रांश रजक, अर्पित यादव आदि मौजूद रहे।

■ बुंदेलखंड प्रान्त निर्माण के पक्ष में जमकर नारेबाजी की गई

न्यायालय परिसर में आयोजन किया गया

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 33,039 मामलों का निस्तारण, 12 करोड़ की समझौता राशि तय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ललितपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने की। आयोजन की देखरेख नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत एवं अपर जिला जज (प्रथम) यादवेन्द्र सिंह तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवप्रिय सारस्वत द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। इस अवसर पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना नृत्य प्रस्तुत किया तथा एक मुट्ठी आसमान थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाली छात्राओं को जनपद न्यायाधीश द्वारा प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। लोक अदालत के दौरान जिला दिव्यांगजन अधिकारी की ओर से दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर आदि उपकरण वितरित किए गए, वहीं स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप भी लगाया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों और विभागों से संबंधित कुल 33,039 वादों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। इन मामलों में कुल 12,03,18,633 रुपये की समझौता धनराशि निर्धारित की गई। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी राकेश वर्मा ने मोटर दुर्घटना से जुड़े 24 मामलों का निस्तारण कर 39.30 लाख रुपये का प्रतिकर दिलाया। वहीं प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय नंदप्रताप ओझा ने पारिवारिक विवादों से जुड़े 49 मामलों का निस्तारण किया। स्थायी लोक अदालत की अध्यक्ष सरिता वाधवानी ने 4 मामलों का निपटारा किया, जबकि अपर जिला जज (प्रथम) यादवेन्द्र सिंह ने 75 मामलों का निस्तारण किया। अपर जिला जज (एससी/एसटी एक्ट) विकास कुमार तथा अपर जिला जज (डकैती) सुनील सिंह ने भी मामलों का निपटारा कर जुर्माना निर्धारित किया।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मयंक जायसवाल ने 2478 मामलों का निस्तारण कर 3.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। इसके अलावा सिविल जज (सीडी-एफटीसी) अदिति जैन, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) आकृति, सिविल जज (जूनियर डिवीजन-एफटीसी) नवीन कुमार-2, एसीजेएम महरौनी नवीन कुमार-प्रथम, सिविल जज महरौनी अतुल तथा ग्राम न्यायालय तालबेहट के न्यायाधिकारी रंजीत ने भी कई मामलों का निस्तारण किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न बैंकों के 713 मामलों का निस्तारण कर 11 करोड़ 28 लाख 19 हजार रुपये की समझौता राशि तय की गई। वहीं भारत संचार निगम लिमिटेड से जुड़े एक मामले का भी निपटारा हुआ। जिलाधिकारी और उनके अधीनस्थ विभागों द्वारा 28,958 मामलों का निस्तारण किया।

गैस बुकिंग व होम डिलीवरी सुचारू बनाए रखने के निर्देश

## घरेलू गैस पर्याप्त, अफवाहों पर ध्यान न दें: जिलाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों यथा पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी आदि की सुचारू आपूति के सम्बन्ध में शनिवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने समस्त पेट्रोल व गैस एजेंसी डीलरों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक है जनसामान्य से अपील की जाती है कि भ्रामक अफवाहों पर ध्यान न दें और इन्हें फैलाने से बचें, जिससे तनाव की स्थिति उत्पन्न हो। उन्होंने समस्त गैस एजेन्सियों को निर्देशित किया कि गैस बुकिंग एवं होम डिलेवरी की सुचारू व्यवस्था बनाये और सभी उपभोक्ता जिन्होने बुकिंग कराया है, उनको होम डिलीवरी के माध्यम से गैस की आपूर्ति की जाये, न कि गोदाम से। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी प्रशासनिक अधिकारियों एवं खाद्य रसद विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुये गैस वितरण व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करायें। किसी भी तरह की कालाबाजारी, जमाखोरी, अवैध रिफिलिंग, उपभोक्ता से अधिक मूल्य बसूलने एवं घरेलू सिलेण्डर के दुरूपयोग की स्थिति में कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने डीलरों को निर्देश दिए कि ऑनलाईन गैस सिलेण्डर रिफिल बुकिंग के उपरान्त पहले बुक कराओं, पहले पाओ के सिद्धान्त का पालन करते हुये ओटीपी के माध्यम से गैस रिफिल, सिलेण्डर वितरण किया जायेगा। उपभोक्ताओं द्वारा ऑनलाईन बुकिंग के उपरान्त गोदाम से हॉकर द्वारा शत-प्रतिशत होम डिलेवरी की जायेगी।

हॉकर डिलीवरी मैन के साथ वाहन में जितनी मात्रा में सिलेण्डर ले जा रहे है, उनकी बुकिंग पर्चियों साथ में रखेगें, यदि गैस सिलेण्डर उपभोक्ता को प्राप्त करा दिया गया है तो उसकी प्राप्ति पर्ची प्रस्तुत करेगें। सभी डिलीवरी मैन अपने वाहन पर वजन माप यंत्र साथ में रखेगे और उपभोक्ताओं को तौलकर पूरी मात्रा में गैस उपलब्ध करायेंगे। उपभोक्ताओं को गैस सिलेण्डर प्राप्त कराते समय मूल्य अंकित पर्ची उपलब्ध करायेगें, कालाबाजारी आदि में लिप्त पाये जाने पर कठोरत कार्यवाही की जायेगी। एजेंसी डीलर कम्पनी के शोरूम पर स्टाक की उपलब्धता स्पष्ट रूप से अंकित करेगें तथा कनेक्शनधारको की समस्या के निस्तारण हेतु एजेन्सी शोरूम पर हेल्पडेस्क बनायेगें और अपने शोरूम पर एवं गोदाम से निर्धारित दूरी पर सीसीटीवी कैमरे लगायेगें।

## गाली-गलौज कर युवक पर चाकू से हमला

**ललितपुर।** जनपद के मडावरा थाना क्षेत्र में गाली-गलौज के विवाद को लेकर एक युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम गढ़ौलीकलां निवासी बीरन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 12 मार्च की शाम करीब 7.30 बजे अपने घर के दरवाजे पर परिजनों और रिश्तेदारों के साथ बैठा था। इसी दौरान गांव का ही रोहित पुत्र अशोक वंशकार वहां आ गया और गाली-गलौज करने लगा। जब बीरन ने उसे मना किया तो आरोपी ने लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। बताया गया कि बीच-बचाव करने आए रिश्तेदार के साथ भी आरोपी ने मारपीट की और चाकू से वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया और खून बहने लगा।

## पति पर जान से मारने की कोशिश व मारपीट का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति पर जान से मारने की कोशिश और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला नई बस्ती निवासी ज्योति रिछारिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 मार्च की रात करीब 11 बजे वह दवा लेकर घर में सो रही थी। इसी दौरान उसके पति मनोज रिछारिया ने तकिये से उसका मुंह दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। जब वह घबराकर उठी तो आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि वह उसे मार देगा और इसे आत्महत्या का रूप दे देगा। इसके बाद उसने लात-घूंसों और चप्पलों से मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी पहले भी कई बार उसे प्रताड़ित कर चुका है और गैस सिलेंडर खोलकर भी जान से मारने का प्रयास कर चुका है। महिला के अनुसार शादी के कुछ समय बाद से ही पति द्वारा मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## कॉलेज जाने निकली युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना क्षेत्र में एक युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी करीब पुत्री बीती 9 मार्च की सुबह करीब 10.30 बजे कॉलेज जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। खोजबीन के दौरान पता चला कि गांव का ही एक व्यक्ति अपने साथी के साथ युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए हैं। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### जमीन के विवाद में मारपीट चार पर केस दर्ज

जनपद के जखौरा थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम निवासी रामदास ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश और जमीन के विवाद को लेकर उसके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

ऐतिहासिक अंजनी माता मेले से पहले अव्यवस्थाओं का बोलबाला

## साफ-सफाई, सड़क, बिजली व सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महरौनी (ललितपुर)

तहसील महरौनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्हेड़ी में 1 से 7 अप्रैल तक आयोजित होने वाले ऐतिहासिक एवं प्राचीन अंजनी माता मेले से पूर्व व्यवस्थाओं की पोल खुलती नजर आ रही है। मेले से पहले गांव में साफ-सफाई, सड़क, बिजली और सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं की लचर स्थिति ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी।

ग्रामीणों के अनुसार मेला क्षेत्र के पास हाल ही में लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण का कार्य कराया गया था, लेकिन सड़क के दोनों किनारों पर मिट्टी डालने का कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। इसके अलावा गांव की ओर जाने वाली सड़क भी आधी-अधूरी बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मेले के



दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु और वाहनों का आवागमन होता है, ऐसे में अधूरी सड़क के कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव तथा मेला क्षेत्र में साफ-सफाई की भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। कई स्थानों पर कूड़ा-करकट फैला हुआ है, जिससे मेले के दौरान स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना बनी हुई है। वहीं बिजली व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं है। कई जगहों पर जर्जर विद्युत लाइनें और अपर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के कारण रात्रि में समस्या उत्पन्न हो सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि अंजनी माता मेले में प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं, ऐसे में प्राथमिक चिकित्सा, पुलिस सुरक्षा तथा पर्याप्त पेयजल व्यवस्था का होना अत्यंत आवश्यक है। यदि इन व्यवस्थाओं पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो श्रद्धालुओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मेले के आयोजन से पूर्व लोक निर्माण विभाग द्वारा अधूरी पड़ी सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए तथा सड़क के दोनों किनारों पर मिट्टी डलवाई जाए। साथ ही साफ-सफाई, बिजली, पेयजल, चिकित्सा और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। समय रहते व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं की गईं तो ऐतिहासिक अंजनी माता मेले की व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से शीघ्र संज्ञान लेकर आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### आयुष्मान कार्ड शिविर में 85 छात्राओं के बने कार्ड

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार के मार्गदर्शन और एनएसएस प्रभारी डॉ. शांता अहिरवार के निर्देशन में आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. पुनीत माहेश्वरी के नेतृत्व में आशा कार्यकर्ताओं की टीम ने छात्राओं का पंजीयन किया। शिविर में 149 छात्राओं ने पंजीयन कराया, जिनमें से 85 छात्राओं के मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

### बरवाई सेक्टर में क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण आयोजित

**विदिशा।** मप्र जन अभियान परिषद के अंतर्गत विकासखंड कुरवाई के बरवाई सेक्टर में समृद्धि विकास सहयोग समिति द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का सेक्टर स्तरीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण ग्राम पंचायत भवन बरबाई में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव एवं ब्लॉक समन्वयक आशीष जैन ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। प्रशिक्षण में पांचों ग्राम समितियों के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य एवं नवांकुर सखियाँ शामिल हुईं।

### योजनाओं की जानकारी स्वच्छता की शपथ दिलाई

**विदिशा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को स्वच्छता, कृषि और आजीविका से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। महिला सदस्यों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन राधेश्याम खंगार, मनरेगा लेखा शाखा से विजय देवरिया, छात्रावास अधीक्षिका वंदना जाधव, सरपंच राहुल गुर्जर सहित जनप्रतिनिधि, स्व सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

### एक बगिया मां के नाम से मिली नई दिशा

**विदिशा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत बूढ़ी बागरोद में संचालित एक बगिया मां के नाम पहल ग्रामीण आजीविका का प्रेरक उदाहरण बन रही है। योजना के तहत हितग्राही चन्द्रमुखी एवं रामेश्वर चिड़ार को वर्ष 2025-26 में कीर्ति स्वयं सहायता समूह के माध्यम से लाभ मिला। उन्होंने अपनी भूमि पर ताइवान पिंक अमरूद के 100 पौधे लगाए हैं, जिनसे डेढ़ से दो वर्ष में उत्पादन मिलने की संभावना है। जैविक उर्वरक व नियमित देखभाल से बगिया तेजी से विकसित हो रही है।

### कृषि सिंचाई योजना से किसान की बढ़ी आय

**विदिशा।** जिले के त्योंदा तहसील के ग्राम बूढ़ी बागरोद के किसान रामेश्वर चिढ़ार ने कृषि सिंचाई योजना का लाभ लेकर अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है। पहले वे परंपरागत खेती करते थे, लेकिन विभाग से जुड़ने के बाद उन्हें डायरेक्टर व मल्चिंग सहित वर्मी कंपोस्ट किट की सुविधा मिली। इसके बाद उन्होंने प्राकृतिक और जैविक पद्धति से खेती शुरू की।

### 10 में से 8 प्रकरणों में पति-पत्नी के बीच की गलतफहमियां हुईं दूर

# लोक अदालत में न्यायालय ने फिर पिरोई 8 दंपती के बिखरे रिश्तों की माला

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

नेशनल लोक अदालत के अवसर पर महिला सुरक्षा शाखा जिला राजगढ़ में आपसी विवादों की सुनवाई के दौरान अलग-अलग रह रहे पति-पत्नी के प्रकरणों का निराकरण किया गया। समझाइश एवं काउंसलिंग के बाद 8 परिवारों को पुनः साथ रहने के लिए राजी किया गया, जिससे उनके परिवारों का विघटन होने से बच गया।





प्रथम न्यायाधीश न्यायालय राजगढ़ द्वारा नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत पति-पत्नी के आपसी विवादों के निराकरण हेतु खंडपीठ क्रमांक-30 का गठन किया गया था। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। गठित कमेटी में नेहा गौर (उप पुलिस अधीक्षक अजाक राजगढ़), अधिवक्ता मोहनलाल वर्मा एवं महिला थाना प्रभारी राधिका भगत द्वारा 10 प्रकरणों की सुनवाई की गई। इन प्रकरणों में पति-पत्नी के बीच आपसी मनमुटाव एवं पारिवारिक विवाद के कारण दोनों पक्ष अलग-अलग रह रहे थे। सुनवाई के दौरान सभी पक्षों को धैर्यपूर्वक सुना गया एवं आपसी समझाइश, काउंसलिंग तथा विश्वास बहाली के प्रयास किए गए। इसके परिणामस्वरूप 10 में से 08 प्रकरणों में पति-पत्नी के बीच की गलतफहमियां दूर हुईं और दोनों पक्ष स्वेच्छा से पुनः साथ रहने के लिए तैयार हो गए।

इसी दौरान एक प्रकरण में एक दपंती के बीच लगभग एक वर्ष से घरेलू विवाद एवं पति द्वारा शराब सेवन के कारण मनमुटाव चल रहा था। लोक अदालत में काउंसलिंग एवं समझाइश के बाद दोनों पक्षों ने भविष्य में विवाद न करने तथा पति द्वारा शराब का सेवन न करने की सहमति दी। दोनों परिवारों की उपस्थिति में पति-पत्नी को राजी-खुशी एक साथ विदा किया गया। नेशनल लोक अदालत के इस प्रयास से 8 परिवारों का टूटता हुआ रिश्ता बच गया, जिससे समाज में आपसी समझ, संवाद और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक संदेश गया।

## जीरापुर-छापीहेड़ा मार्ग पर सड़क हादसे में महिला की मौत



**जीरापुर।** जीरापुर-छापीहेड़ा मुख्य सड़क मार्ग पर झाड़मऊ जोड़ के पास शनिवार दोपहर तीन बजे के करीब सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक महिला के साथ ढाई साल की एक बच्ची भी थी, जो सुरक्षित पाई गई तथा महिला के हाथ पर मेहंदी से रूपा एवं मनोहर लिखा था। दुर्घटना के बाद 108 वाहन के पायलेट रामबाबू दांगी एवं ईएमटी संजय दांगी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे जहां बड़ी संख्या में राहगीर एकत्रित थे तत्काल ढ़ाई वर्षीय बालिका एवं मृतिका महिला को सिविल अस्पताल जीरापुर लाया गया। तथा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी थी। महिला की पहचान लगभग डेढ़ दो घंटे उपरांत हो पाई है। जानकारी के अनुसार झाड़मऊ के आगे निर्माणाधीन टोल के पास यह घटना हुई। सोशल मीडिया पर भी ढ़ाई वर्षीय बालिका का वीडियो वायरल किया गया। जिसके बाद मृतिका महिला की पहचान हुई। मृतिका महिला की पहचान रूपा पति मनोहर वर्मा निवासी बावड़ी खेड़ा थाना माचलपुर के रूप में हुई , जो की सुबह अपने ससुराल बावड़ी खेड़ा से पैदल बच्ची को लेकर छापीहेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत खजूरी गोकुल मायके जा रही थी। इसी दौरान मध्य रास्ते में यह दर्दनाक दुर्घटना घटित हुई।

## गैस एजेंसी पर उमड़ी रही उपभोक्ताओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

शहर में शनिवार को भारत गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भीड़ देखने को मिली। लोगों के बीच गैस की किल्लत को लेकर चर्चा हैं। हालांकि अभी तक आधिकारिक रूप से गैस की कमी की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन अफवाहों के चलते उपभोक्ता समय से पहले ही सिलेंडर लेने के लिए पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार में कई होटल, ढाबों और दुकानों में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। इधर प्रशासन और गैस एजेंसी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि गैस की आपूर्ति सामान्य है और किसी प्रकार की किल्लत नहीं है। अफवाहों के कारण लोग एक साथ सिलेंडर लेने पहुंच रहे हैं, जिससे भीड़ की स्थिति बन रही है। प्रशासन का कहना है कि यदि कहीं घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग पाया जाता है तो संबंधित दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी।




### इनका कहना है...

घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है ये सब अफवाह है। जो लोग साल में 2 टंकी लेते थे वह लोग भी अफवाह के कारण टंकी लेने के लिए आ रहे हैं।

**रेणु दिलीप बंसकार, योगिता गैस एजेंसी संचालक**

### आईटीआई प्रशिक्षण से अग्निवीर बने गौरव

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई विदिशा से प्रशिक्षण प्राप्त कर जिले के गौरव चिढ़ार का चयन भारतीय सेना के अग्निवीर पद पर हुआ है। गौरव ने वर्ष 2024 में मैकेनिक मोटर व्हीकल ट्रेड से आईटीआई प्रशिक्षण पूरा किया था। इसके बाद उन्होंने अग्निवीर भर्ती में सफलता प्राप्त कर सेना में स्थान बनाया। वर्तमान में वे नासिक स्थित आर्मी मोटर वर्कशॉप में प्रशिक्षण ले रहे हैं, जहां उन्हें प्रशिक्षण अवधि में लगभग 30 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन मिल रहा है। गौरव ने आईटीआई से कौशल हासिल कर रोजगार प्राप्त करते हुए आत्मनिर्भर बनने के साथ अपने परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियां निभाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

### कव्वालियों का भी लुफ्त उठा रहे जायरीन

## दिन में फीका रहता है उर्स लेकिन रात में रौनक बरकरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

बाबा बदख्सानी की दरगाह पर इस साल लग रहे 112वें सालाना उर्स की शुरूआत में भले ही जायरीनों की संख्या काफी कम नजर आई थी। लेकिन अब प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग उर्स में मनोरंजन के साधनों का लुफ्त लेने एवं विभिन्न सामानों की खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। दिन के समय अलबत्ता उर्स में पहुंचने वाले लोगों की संख्या काफी कम नजर आ रही है लेकिन शाम एवं रात्रि को हजारों की संख्या में लोग उर्स में पहुंच रहे हैं। दिन में उर्स में भीड़ की कमी का प्रमुख कारण तेज धूप को भी माना जा रहा है। उर्स कमेटी के अनुसार 25 मार्च को उर्स का विधिवत समापन होगा। ऐसे में अभी उर्स मेले में 10 दिन शेष बचे हैं। हालांकि, इसके बावजूद कपड़े, कंबल सहित कुछ अन्य सामानों की दुकानें 30 मार्च तक भी लगी रहने की उम्मीद है। विशेष बात यह भी है कि इस बार के उर्स में किसी तरह की कोई बड़ी घटना, चोरी, छेड़खानी इत्यादि जैसी कोई बड़ी घटना फिलहाल तक नजर नहीं आई।

19 से 27 मार्च तक आयोजित होगा 108 कुंडीय यज्ञ

## मां बीजासन भैंसवा माता ट्रस्ट की बैठक में लिए अहम निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

मां बिजासन माता ट्रस्ट भैंसवा माता की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी 19 से 27 मार्च तक आयोजित होने वाले पंचम 108 कुंडीय श्री शत चंडी महायज्ञ की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, कलेक्टर एवं माँ बिजासन माता ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा तथा पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में महायज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दौरान बिजली, पेयजल, पार्किंग, साफ-सफाई, यातायात प्रबंधन तथा सुरक्षा सहित सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर लें। बैठक में महायज्ञ के सफल आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियों, प्रशासनिक व्यवस्थाओं तथा समन्वय को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### श्रम विभाग ने जारी किए निर्देश

## निर्माण आरंभ करने के पूर्व देना होगी सूचना अन्यथा कार्यवाही

**राजगढ़।** श्रम विभाग द्वारा निर्माण स्थलों पर सुरक्षा, स्वस्थ कार्य स्थल बनाने और श्रमिकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत निर्माण स्थलों पर श्रमिकों के लिए सुरक्षा व्यवस्था एवं सुरक्षा अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। श्रम सेवा पोर्टल मोबाइल एप्प पर निर्माण स्थल का पंजीयन विवरण, कर्मचारियों की संख्या, स्थान (लोकेशन) सहित अन्य आवश्यक जानकारी एकत्र की जा रही है, जिस पर नियोजक श्रमिकों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी दे सकते हैं। साथ ही




भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम 1996 के प्रावधानों अनुसार किसी भवन या अन्य सनिर्माण कार्य प्रारंभ करने से कम से कम 30 दिन पूर्व उस क्षेत्र में, जहां प्रस्तावित भवन या अन्य सनिर्माण कार्य किया जाना है, अधिकारिता रखने वाले निरीक्षक को स्थल, सुरक्षा उपाय सहित समस्त आवश्यक जानकारी साँझा करना अनिवार्य है। निर्माण स्थलों की जानकारी या सूचना एमपीबीओसीडब्ल्यू के ऑनलाइन पोर्टल या जिला श्रम कार्यालय के माध्यम से दी जा सकती है।

### सूचना नहीं दी तो माना जाएगा आदेश का उल्लंघन


सूचना न देने पर निरीक्षण के दौरान नियम उल्लंघन माना जा सकता है और नियोक्ता पर जुर्माना की कार्रवाई हो सकती है। अधिनियम के प्रावधानों अनुसार यदि कोई नियोजक, धारा 46 के अधीन भवन या अन्य संनिर्माण कार्य के प्रारंभकी सूचना नहीं देता है, तो उसे कारावास भी हो सकता है जिसकी अवधि तीन महीने तक की हो सकेगी या जुर्माना दो हजार रुपए तक अथवा दोनों हो सकता है।

## मेंटेनेंस के नाम पर आए दिन कटौती, नागरिक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा राजगढ़ नगर सहित जिले में अमूमन हर हफ्ते घंटों तक मेंटेनेंस कार्य करवाया जा चुका है। इसके बावजूद यह मेंटेनेंस कार्य लगातार जारी है। नगर के कई वार्डों और मोहल्लों में घोषित मेंटनेंस के अलावा भी कई-कई घंटों तक विद्युत सप्लाई बाधित रहने लगी जिससे आम नागरिकों में कंपनी की कार्यप्रणाली को लेकर रोष व्याप्त है।

शनिवार को एक बार फिर से कंपनी द्वारा सुबह मेंटेनेंस के नाम पर कुछ वार्डों की बिजली बंद कर दी गई। हालांकि, कंपनी द्वारा उक्त विद्युत प्रदाय बाधित किए जाने के संबंध में पूर्व सूचना दे दी गई थी लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व के सालों की अपेक्षा इस साल ज्यादा ही कटौती की जा रही है। घोषित कटौती के अलावा भी विभिन्न स्थानों की बिजली कभी भी काट दी जाती है जिसे सुधारने कंपनी के लाइन कर्मचारी काफी समय तक मौके पर नहीं पहुंचते।



### कई शिकायतें लंबित, नहीं दिया जा रहा ध्यान

राजगढ़ शहर वितरण केंद्र की बात करें तो यहां कई उपभोक्ताओं की बढ़े हुए बिजली बिलों, गलत मीटर रीडिंग, खपत से अधिक बिल आने, विद्युत पोलों के आढ़े-टेढ़े होने सहित अन्य प्रकार की अनेकों शिकायतें लंबित पड़ी हुई हैं। लेकिन, विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों लंबित शिकायतों का कोई निराकरण नहीं करवाया जा रहा है।

## कार्रवाई : कलेक्टर ने तीन आदतन अपराधियों को किया जिलाबदर

**विदिशा।** जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अंशुल गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक के पालन प्रतिवेदन के आधार पर तीन आदतन अपराधियों के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की है। जारी आदेश के अनुसार गंगाराम उर्फ राजवीर पिता गनपत सिंह यादव (24) निवासी मोहनगिरि टावर के पास विदिशा तथा नीरज अहिरवार पिता खिलान सिंह अहिरवार (30) निवासी कागदीपुरा थाना कोतवाली विदिशा को तीन-तीन माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। वहीं सौरभ यादव पुत्र श्रीकृष्ण यादव निवासी सागर पुलिया थाना सिविल लाइन विदिशा को छह माह के लिए निष्कासित किया गया है। आदेश के तहत तीनों आरोपियों को विदिशा जिले सहित रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर और राजगढ़ जिलों की राजस्व सीमाओं से निर्धारित अवधि तक बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आदेश का उल्लंघन करने पर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण के प्रति जागरूक कर प्रशिक्षण दिया



**जीरापुर।** विश्व जल दिवस के अवसर पर खारपा हाई स्कूल में एलएंडटी कंपनी द्वारा जल बचाओ अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर कंपनी के अधिकारी दुर्योधन साहू, उत्कृष्ट गुप्ता, कुलदीप कुमार, फेजान खान तथा प्राचार्य राधेश्याम पुरविया ने अतिथियों का हार, पुष्पों से स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को रहीमदासजी के दोहों से पानी का महत्व बताते हुए जल के महत्व और उसके संरक्षण के तरीकों की जानकारी दी गई। बच्चों को पानी की बॉटल उपहार स्वरूप भेंट की गई। इस अवसर पर शिक्षक शिव सिंह कुशवाह, अभिनय कुमार, विजय जादव, तारीख अंसारी, सुदेव, नागेंद्र, शुभम, गौतम राठौर, हरीश लुहार, अशोक कुमार राठौर, रमेश मालवीय, देवेंद्र जोशी, संजय जोशी, विष्णु दांगी, लाल चंद,सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### नए जिनालय में भगवान आदिनाथ नए आसन पर विराजमान

## जन्म कल्याणक पर समाज ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव के तृतीय दिवस पर तीर्थंकर भगवान का जन्म कल्याणक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातःकालीन बेला में जैसे ही अयोध्या नगरी में राजा नाभिराय की महारानी मरुदेवी के यहां तीर्थंकर बालक का जन्म हुआ, देवराज इंद्र का आसन कम्पायमान हो उठा और तीनों लोकों में आनंद की लहर छा गई।



प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि प्रातः 6 बजकर 18 मिनट पर जन्म कल्याणक की घोषणा प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी विनय भैया द्वारा की गई। इसके साथ ही पांडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं और इंद्र-इंद्राणियों में उत्साह का वातावरण बन गया। राजा नाभिराय द्वारा किमिच्छिक दान की घोषणा की गई तथा हथकरघा के वस्त्रों पर 25 प्रतिशत छूट और जीवदया के लिए गौशाला में दान की घोषणाएं भी की गईं। कार्यक्रम के अंतर्गत शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इसमें सौधर्म इंद्र बालक आदिकुमार को ऐरावत हाथी पर बैठाकर गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण पर निकले। पंचकल्याणक महोत्सव के प्रमुख पात्र अश्वरथों पर अपने परिवारों के साथ सवार होकर शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा जैन महाविद्यालय से प्रारंभ होकर तिलक चौक, माधवगंज और अस्पताल रोड होते हुए पुनः अयोध्या नगरी पांडाल पहुंची, जहां पांडुक शिला पर बालक आदिकुमार का अभिषेक किया गया।

### मुनि ने बताई भगवान आदिनाथ की महिमा

निर्यापक श्रमण मुनिश्री संभवसागर महाराज ने कहा कि भगवान आदिनाथ ने मानव समाज को असि, मसि, कृषि, विद्या, वाणिज्य और शिल्पकला जैसे षट्कर्मों का ज्ञान देकर सभ्यता को दिशा दी। मुनिश्री ने बताया कि वर्ष 2008 में गुरुदेव ने बर्रो वाले बाबा की प्रतिमा की अगवानी की थी और इसे अतिशयकारी प्रतिमा बताते हुए भव्य जिनालय निर्माण की प्रेरणा दी थी। इसी भावना से अशोक जैन (सागर वाले) एवं मोहन जैन द्वारा पाषाण का मंदिर बनवाया गया। चतुर्थ दिवस वैराग्य के दृश्य प्रस्तुत किए जाएंगे, जिसमें अप्सरा नीलांजना के नृत्य के माध्यम से संसार की असारता दर्शाई जाएगी।

### मस्जिदों में अलग अलग समय पर अता की जाएगी नमाज

**विदिशा।** ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर शहर की मस्जिदों और ईदगाह में नमाज के समय घोषित कर दिए गए हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला अध्यक्ष सोहेल अहमद बाबलू ने बताया कि सभी नमाजी निर्धारित समय पर पहुंचकर नमाज अदा करें। ईदगाह में सुबह 8 बजे नमाज होगी। जामा मस्जिद, मुगलटोला और नूरी रायसेन गेट में 8:15 बजे, झूलनपीर व मदीना मस्जिद में 8:30 बजे, मदनी गुंथन में 8:45 बजे तथा सब्जी फरोशान में 9 बजे नमाज अदा की जाएगी। शिया समाज की नमाज इमामबाड़ा में 10 बजे और बोहरा समाज की नमाज 20 तारीख को सुबह 6:30 बजे होगी। उन्होंने शांति व भाईचारे के साथ ईद मनाने की अपील की।